तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

2 तेंदूकोना-बुंदेली मार्ग अत्यंत जर्जर, डामरीकरण

2 गौतम के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का...

खबर संक्षेप

ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

महासमुंद। ट्रक की टक्कर से कार के क्षतिग्रस्त होने के मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को रोहिणी कुमार देवांगन निवासी वार्ड क्रमांक 01 रावणभाठा ने बताया कि 11 अक्टूबर को अपने डिजायर कार क्रमांक सीजी 06 जीजे 3188 में निजी काम से अपनी पुत्री वैभवी देवांगन के साथ रायपुर जा रहा था। चीनी ढाबा के पास ग्राम गड़बेड़ा पीछे से आ रहे ट्रक क्र. डब्लूबी 11 ई 7385 के चालक ने अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मेरे कार को टक्कर मार दिया, जिससे उसकी कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। झलप-लखनपुर रोड आम पेड़ के पास एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लखनपुर निवासी रीमा जोशी ने बताया कि 12 अक्टूबर की दोपहर करीबन 2.30 बजे वह गांव के तिलक धुरी के साथ उसके मोटर सायकल में झलप जा रही थी। इसी दौरान झलप-लखनपुर रोड आम पेड़ के पास ग्राम छिंदौली के रहने वाले रूपेश दास मानिकपुरी ने मेरे 15 हजार रुपए को वापस क्यों नहीं कर रही हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा और जान से मारनेकी धमकी दी। 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

गवाही देने से नाराज लोगों ने महिला को दी धमकी घर का दरवाजा तोड़ा

महासमुंद। गवाही देने से नाराज दो लोगों द्वारा ग्राम नयापारा (अछरीडीह) की एक महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट पर में तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वर्षा पुरेना निवासी ग्राम नयापारा(अछरीडीह) ने बताया कि 12 अक्टूबर की रात करीब 7.30 बजे गोविंद सोनटके एवं बबलू सोनवानी द्वारा मेरे खिलाफ गवाही दिये हो कहकर उसके घर का दरवाजा तोड़ दिया और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 324(4), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

विरोध प्रदर्शन : संघ बोला: जब तक अटैच कर्मी को नहीं हटाया जाएगा, तब तक जारी रहेगा आंदोलन

सालों से अटैच कर्मी के दुर्व्यवहार से परेशान अफसरों ने की हड़ताल शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कृषि विभाग में एक कथित रूप से

- हड़ताल में जाने से किसानों के कार्यों पर पड़ेगा असर

विवादास्पद कर्मचारी की कार्यशैली को लेकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ, छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के बैनर तले एकजुट होकर उक्त कर्मचारी को तत्काल हटाने की मांग को लेकर विभाग परिसर में ही सोमवार को अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरु हो गया। इससे न सिर्फ विभाग के कामकाज को प्रभावित कर रहा है। संघ की यह लामबंदी एक सूत्रीय मांग पर आधारित है।

मिली जानकारी के अनुसार मांग उठ रही है कि कार्यालय में अटैचमेंट पर कार्यरत जितेंद्र पटेल नामक कर्मचारी को तत्काल उनके मूल पदस्थ स्थान पर वापस भेजा जाए। आरोप है कि पिछले 13 वर्षों से उप संचालक कृषि कार्यालय में अटैच रहे जितेंद्र पटेल का व्यवहार लगातार मैदानी कर्मचारियों के साथ अभद्र रहा है, जिससे विभाग के कार्यबल में जबरदस्त असंतोष और मानसिक उत्पीड़न का माहौल बन गया है। संघ ने बताया, हम किसान हित में काम करने वाले लोग हैं, लेकिन पिछले कई सालों से कार्यालय के भीतर एक ऐसा माहौल बन गया है, जहां हर छोटे-बड़े काम के लिए हमें अनावश्यक दबाव और अपमान झेलना पड़ता है। वरिष्ठ अधिकारियों के नाम पर रौब झाड़ने और अन्य कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान किए जाने पर कर्मचारी स्वयं को असहज और अपमानित महसूस कर रहे हैं।

अविनाश कुमार चंद्राकर जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक कृषि स्नातक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेगी। हड़ताल से एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी सत्यापन, गिरदावली भौतिक सत्यापन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, एग्री स्टेक फार्मर आईडी अन्य विभागीय महत्वपूर्ण कार्य सीधा प्रभावित होंगे।

कृषि कार्यों पर प्रभाव और किसानों की चिंता

जिले के लिए यह विरोध प्रदर्शन एक ऐसे समय में आया है जब कृषि कार्य चरम पर होते हैं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सीधे किसानों से जुड़े होते हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं, बीज, खाद और मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रबी की बुआई की तैयारी, खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना, और विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं को लागू करना इन्हीं अधिकारियों के जिम्मे होता है।

अभद्रता और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप

उप संचालक कृषि को सौंपे गए आवेदन में, संघ ने जितेंद्र पटेल पर अत्यंत गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले एक दशक से अधिक समय से पटेल का अटैचमेंट बना हुआ है, और इस लंबी अवधि में उनकी कार्यशैली ने मैदानी कर्मचारियों के मनोबल को लगातार तोड़ा है।

करोड़ों के घोटाले की जांच प्रतिवेदन नहीं मिलने से भड़के ग्रामीण, जनपद परिसर में प्रदर्शन

पिथौरा (ग्रामीण)। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली में हुए कथित करोड़ों रुपए के वित्तीय घोटाले की जांच प्रतिवेदन नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जनपद पंचायत परिसर में धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए जांच प्रतिवेदन प्रदान करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि जांच होने के बावजूद उन्हें प्रतिवेदन के लिए घुमाया जा रहा है।

गौरतलब है कि ग्राम कैलाशपुर के ग्रामीण मुनुदाऊ सागर ने 8 मई को आवेदन प्रस्तुत कर पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और बिल-वाउचरों के भौतिक सत्यापन करने की मांग की। इस शिकायत के आधार पर, 9 से 11 सितंबर तक जांच टीम ने तीन बिंदुओं पर गहन जांच की, जिसमें कथित तौर पर करोड़ों का घोटाला सामने आया। शिकायतकर्ता सागर ने बताया कि साहू इंटरप्राइजेज को किए गए भुगतान से संबंधित कोई बिल-वाउचर पंचायत में प्रस्तुत नहीं किया गया। पूर्व सरपंच के पूरे कार्यकाल में पंचायत को लगभग 2.5 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे, जिसमें केवल 60 लाख रुपये के बिल-वाउचर प्रस्तुत किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 2 करोड़ रुपये के बिल-वाउचर प्रस्तुत नहीं किए गए हैं और संबंधित कार्य भी नहीं कराए गए हैं।

इस संबंध में जिला पंचायत महासमुंद सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार का कहना है कि शिकायतकर्ता नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर सकता है। मैं जनपद सीईओ को बोल देता हूं।

जांच के बाद भी नहीं मिली प्रतिवेदन

जांच पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता ने जांच प्रतिवेदन की मांग की। लेकिन, उन्हें प्रतिवेदन नहीं दी गई। इससे नाराज होकर शिकायतकर्ता मुनुदाऊ सागर ने पहले ही कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ को 13 अक्टूबर सोमवार को जनपद घेराव की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद जनपद सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर ने रविवार को पत्र जारी कर शिकायतकर्ता को विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदन प्राप्त करने को कहा। शिकायतकर्ता ने विधिवत आवेदन दिया, फिर भी उन्हें जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जनपद परिसर में धरना दिया।

जनपद सीईओ रहे अनुपस्थित

धरने के दौरान ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी आक्रोश था कि जनपद सीईओ सीपी मनहर दिनभर कार्यालय नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत पिथौरा के जांच अधिकारी डीएल बरिहा, राम नारायण पटेल, गुलाब प्रसाद सामल और जशवंत सिंह पैकरा ने तीन दिनों तक लगातार जांच की, लेकिन अब उन्हें जांच प्रतिवेदन नहीं दी जा रही है। शिकायतकर्ता मुनुदाऊ सागर ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत भी आवेदन प्रस्तुत कर जांच प्रतिवेदन मांगा। लेकिन, उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच जारी तीन नमूने अवमानक पाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक महासमुंद शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में निरीक्षण कर त्योहारी सीजन में उपयोग होने वाले आटा, देशी घी, सूजी, कलाकंद, पनीर, खुली मिठाइयाँ, बिस्किट, कुकीज एवं टोस्ट आदि खाद्य पदार्थों के कुल 09 सर्विलेंस नमूने संकलित किए गए। इन सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर को प्रेषित किया गया है। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा महासमुंद शहर के विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 50 खाद्य नमूने संकलित कर मौके पर परीक्षण किए गए, जिनमें से 03 नमूने अवमानक पाए गए।

निरीक्षण दल द्वारा होटल संचालकों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं अवमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय से बचने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। उल्लंघन की स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरीक्षण एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

5 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बसना पुलिस ने ग्राम अखराभांठा टुकड़ा में दो अलग- अलग मामलों में कुल 5 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक चैतराम ध्रुव पुलिस स्टाफ के साथ अपराध पतासाजी एवं अवैध शराब की रोकथाम हेतु क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अखराभांठा टुकड़ा में कुछ लोग हाथ भट्ठी शराब तैयार कर बेच रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केवल रात्रे (22) के घर-बाड़ी में दबिश दी, जहां से जरीकेन में लगभग 3 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 600) बरामद की गई। इसी तरह दूसरे मामले में उसी गांव के माधो खुंटे (45) के घर बाड़ी से लगभग 2 लीटर महुआ शराब (कीमत 400) जब्त की गई। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

दो पक्षों के बीच मारपीट आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम करनापाली में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार लविराम चौहान ने पुलिस को बताया कि 12 अक्टूबर को अपने खेत के मेड़ में मछली मारने वाला जाल बिछा कर रखा था। उसका खेत ऊपर है एवं नीचे पंचराम ओगरे का खेत है। वह खेत से आकर में लगभग रात्रि 9 बजे अपने घर के सामने में खड़ा था, तभी पंचराम ओगरे एवं किशन ओगरे ने उसके घर के सामने दरवाजे के पास में आकर कहा कि हमारे खेत के मेड़ में मछली मारने वाले जाल के कचरे को क्यों फेंक रहा था। जिस पर प्रार्थी ने इससे मना किया। तब किशन लाल ओगरे एवं उसके पिता पंचराम ओगरे ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आए उसके पिताजी संधु चौहान, भाई घुरवा चौहान एवं पत्नी सुनिता चौहान के साथ भी मारपीट की गई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

इसी तरह दूसरे पक्ष के किशनलाल ओगरे ने पुलिस को बताया कि 12 अक्टूबर को अपने खेत के मेड़ में मछली मारने वाला जाल बिछा कर रखा था, उसके खेत से लगकर घुरवा सिंग का खेत है, जिसके द्वारा अपने खेत में बहते पानी में कचरा डाल कर घर जा रहा था। जिसे आवाज देकर मना किया, लेकिन उसने बात नहीं सुनी और घर चला गया। इसके बाद आरोपी लबीराम चौहान, घुरवा चौहान, संधु चौहान एवं श्यामलाल चौहान सब मिलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे, जिसे सुनकर उसकी दीदी सुलोचना गयी, फिर आवाज सुनकर प्रार्थी के पिताजी में तथा पत्नी खीर बाई गये, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी और उसके पिताजी के साथ मारपीट की गई तथा घर का बिजली कनेक्शन काट दिया। आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

दर्दनाक सड़क हादसे में छात्र की मौत

महासमुंद। बसना-जगदीशपुर ओवरब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम चकरदा निवासी एक छात्र की मौत हो गई। जबकि, उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों भाई रायपुर से परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ओवरब्रिज पर रॉन्ग साइड से टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चकरदा (सरायपाली) निवासी ठंडाराम पटेल पिता कुशलाल पटेल (24 वर्ष) और उसका बड़ा भाई मनोज कुमार पटेल (26 वर्ष) रायपुर किसी डॉक्टरी कोर्स की परीक्षा देने गए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद दोनों अपनी मोटर साइकिल (क्रमांक सीजी-06- जी-4742) से घर लौट रहे थे। बसना के समीप जगदीशपुर ओवरब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार विपरीत दिशा में आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मोटर साइकिल चालक ठंडा राम पटेल के सिर में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे बड़े भाई मनोज पटेल का हाथ फैक्चर हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर ११२ पुलिस एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत ठंडाराम पटेल को मृत घोषित कर दिया। घायल मनोज पटेल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महासमुंद रेफर करने की तैयारी की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों भाई हेलमेट पहने हुए थे, इसके बावजूद ठंडाराम के सिर में लगी गहरी चोट से उसकी जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही चकरदा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

कर कानूनों का सरलीकरण कर प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत' की राह प्रशस्त किया

आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा भारतः टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में छूट देकर सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत' की राह प्रशस्त किया है। नागरिकों को राहत, व्यापार सुगमता, कर सरलीकरण का अंतिम ध्येय विकसित बना देश के 150 करोड़ नागरिकों का जीवन आसान बना कर, उनके जीवन को संवारने का ध्येय लेकर वे काम कर रहे हैं।

मंत्री वर्मा रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हम सबको याद है कि प्रधानमंत्री ने कोरोना की वैश्विक महामारी के समय सबसे पहले 'आत्मनिर्भर भारत' का मंत्र दिया था। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति की अभिव्यक्ति भी है। उनके इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारंभ हुआ है और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक यह चलेगा। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा जैसी कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इस अभियान का उद्देश्य 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को हर भारतीय तक पहुंचाना है।

श्री वर्मा ने कहा पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वदेशी को लेकर जिस तेजी से काम हुआ है, उसका असर सैन्य उपकरणों के निर्यात से लेकर अंतरिक्ष, वैक्सीन हर जगह भारत की बढ़ती धाक में देखा जा सकता है। आज हमारे देश ने विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट अप इको सिस्टम के रूप में स्थापित कर लिया है। जहां 17 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। भारत में 100 से अधिक यूनिकॉर्न आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का प्रतीक हैं। सही अर्थ में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से अंत्योदय के उद्देश्य को भी पूरा कर रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन के ध्येय पर चलते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में आर्थिक और नीतिगत सुधारों का जो दौर चल रहा है, उसका सबसे अधिक लाभ गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, मध्यम वर्ग को मिला है। इस अभियान के तहत 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे देश में रथ यात्राएं, सम्मेलन, प्रदर्शनी और स्वदेशी मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डिपेंद्र साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान मौजूद रहे।

व्याख्याता से साइबर ठगी, लोन क्लोज व्हाट्सएप पर दी जानकारी, खाते से कटे 70 हजार

महासमुंद। व्हाट्सएप पर लोन क्लोज करने के लिए मांगी गई जानकारी देना एक व्याख्याता को भारी पड़ गया। अज्ञात आरोपी ने शिक्षक के बैंक खाते से 70,000 रुपए की धोखाधड़ी कर ली। साइबर ठगी के इस मामले में प्रार्थी ने बसना थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय हाईस्कूल बडेटेमरी में व्याख्याता के पद पर पदस्थ कौशिक कुमार सामल एसबीआई में लोन चल रहा है। 7 अक्टूबर को हाईस्कूल बडेटेमरी में ड्यूटी के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने शिक्षक को कॉल कर लोन क्लोज करने के लिए व्हाट्सएप में जानकारी मांगी। इसके बाद व्हाट्सएप मोबाईल नंबर पर लोन क्लोज करने हेतु एक लिंक आया, एक भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित प्रतीत हो रहा था, जैसे उसने लिंक पर क्लिक किया, कुछ ही क्षणों में बैंक खाते से अनधिकृत रूप से 50000 रुपए और 20000 रुपए की राशि निकाल ली गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

महुआ शराब जब्त, आरोपी पर कार्रवाई

महासमुंद। ग्राम भलेसर के आम बगीचा के पास कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी गोपाल यादव पिता महेशु यादव (32 साल) निवासी वार्ड नं 02 बोरियाझर के कब्जे से कच्ची अवैध महुआ शराब 10 लीटर, कीमत 2,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

खबर संक्षेप



तुसदा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

महासमुंद। विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति आध्यात्म विज्ञान एवं जीवन जीने की कला के साथ विविध सामान्य ज्ञान का बोध कराने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक व हायर सेकेंडरी स्कूल तुसदा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 6 वीं से छह-सातवीं से बारह आठवीं से पांच, नवमी से चार, दसवीं दो, ग्यारहवीं से पांच व बारहवीं से चार विधार्थी सामिल हुए। परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न तथा 5 टाईब्रेकर प्रश्न पूछे गए थे। उक्त परीक्षा में हायर सेकेंडरी से राम लाल चक्रधारी व्याख्याता, पूर्व मा शाला से ममता यादव का सहयोग रहा। यह जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी मनोहर लाल साहू ने दी है।

तुमगांव स्कूल के छात्रों ने दिलाई भारतीय संस्कृति ज्ञान की परीक्षा

महासमुंद। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, आदर्श चरित्र, राष्ट्रप्रेम एवं जीवन निर्माण की भावना का विकास करना रहा।
विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति के विविध आयामों जैसे कि परिवार संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, योग, नशा उन्मूलन, सत्य-अहिंसा जैसे विषयों पर अपना ज्ञान प्रदर्शित किया। शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में बच्चों ने पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में भाग लिया। संकुल समन्वयक आशीष साहू, संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, बलराम नेताम, प्रभा कोसले उपस्थित थे। रणवीर कुमार धीवर, हेमेश विश्वकर्मा, सागर धीवर, लेखराज धीवर, अरविंद जांगड़े, उमेश धीवर, कुणाल बांधे, यश कुमार साहू, ओमप्रकाश पटेल इन छात्रों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा दिलाई।

तेंदूकोना-बुंदेली मार्ग अत्यंत जर्जर, डामरीकरण-नवीनीकरण की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

बुंदेली, भुरकोनी समेत ओडिशा बॉर्डर के गांवों को तेंदूकोना होते जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों गड्ढों के कारण एकदम खस्ताहाल हो गया है। तेंदूकोना से बुंदेली 14 किलोमीटर का ये मार्ग अब बाइक चलने लायक भी नहीं रहा। तेंदूकोना नगर के पास तो इतने बड़े-बड़े अनगिनत गड्ढे हो गए कि अब बाइक वाले बिना गिरे निकल ही नहीं सकते।

इस मार्ग के बीच-बीच के करीब आधे हिस्से को 1-2 साल पहले ही डामरीकरण नवीनीकरण किया गया था, मगर घटिया डामरीकरण के कारण एक साल में ही उखड़ गया। ठेकेदार को खुला छूट देने के चलते ही हर साल शासन का लाखों करोड़ों रुपया गड्ढों में ही भर रहा है। अगर लोक निर्माण विभाग के बड़े अधिकारी डामरीकरण के समय गुणवत्ता में गंभीरता से ध्यान देते तो हर साल गड्ढों की समस्या ही नहीं होती और सबसे खास बात आजकल जिले की प्रायः सभी सड़कों में आसपास झाड़ी, घास और मिट्टी भर जाने के कारण पानी का जमाव हो रहा है। पहले विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा लगातार सालभर मुख्य मार्गों में घासफूस, झाड़ियों मिट्टी आदि को हटा कर पानी निकासी के लिए समुचित व्यवस्था आदि कार्य किया जाता रहता था। मगर पिछले करीब 7-8 सालों से ये दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अब कभी इन सड़कों पर कार्य करते हुए नहीं देखे जा रहे है। शायद अब इन कर्मचारियों को रेस्ट हाउस और विभाग के आला अधिकारियों के बंगले में काम करवाया जा रहा है। इसी कारण आजकल सड़कों तक घासफूस,झाड़ियों के कारण साइड सोल्डर ही गायब हो गया है। विभाग का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। जबकि, नियमानुसार लोक निर्माण की सड़कों के आजू बाजू पर्याप्त साइड सोल्डर होना चाहिए। तेंदूकोना से बुंदेली मार्ग की लंबाई 14 किलोमीटर में मुख्यत तेंदूकोना से भीखापाली तक पूरा खस्ताहाल, भुरकोनी और बुंदेली गांव पहुंचते तक गड्ढों का साम्राज्य ही स्थापित हो गया है। पूरे 14 किलोमीटर मार्ग को नवीनीकरण की जरूरत है। खेड़ीगांव के उपसरपंच प्रतीक पटवा और बुंदेली के पूर्व उपसरपंच पूनमदास मानिकपुरी सहित क्षेत्रवासियों ने अतिशीघ्र इस मार्ग को नवीनीकरण कराने की मांग की है।

कार्यक्रम : बागबाहरा मंडल में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन

बागबाहरा में संघ के 100 वर्ष होने पर भव्य पथ संचलन-शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) समारोह की श्रृंखला में बागबाहरा मंडल में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह उत्सव संघ की एक सदी की राष्ट्र-साधना और भविष्य के 'पंच परिवर्तन' के संकल्प को समर्पित रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर से एक विशाल पथ संचलन से हुई, घोष दल की लयबद्ध ताल पर स्वयंसेवकों का कदमताल संगठन के उच्च अनुशासन और एकता का प्रतीक था। पथ संचलन जब बागबाहरा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, तो एक अभूतपूर्व दृश्य दिखा। मातृशक्तियों और नगर के नागरिकों ने जगह-जगह छतों और गलियों से पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का आत्मीय स्वागत किया। यह सम्मान संघ के राष्ट्र निर्माण के कार्यों के प्रति समाज की गहरी आस्था और स्वीकृति का स्पष्ट प्रमाण था। पथ संचलन के पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजा और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर नैकूराम ठाकुर (सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी) मुख्य अतिथि और गोपाल यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता गोपाल यादव ने बताया कि आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार ने विजयादशमी 1925 को नागपुर के मोहितेबाड़ा में संघ की स्थापना की थी। उन्होंने संघ के संघर्षों का वर्णन करते हुए कहा कि संघ के मार्ग में अनेक विपत्तियां आईं और सरकारी बाधाएं भी डाली गईं, लेकिन इन चुनौतियों के बाद भी संघ कार्य अभी तक अनवरत जारी है। वक्ता ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत भूमि में शौर्य और साहस की कोई कमी नहीं है, यह शैशवावस्था से ही क्रांतिकारियों, महापुरुषों और देशभक्तों की भूमि रही है। संघ के बारे में बताते हुए कहा की संघ अपना कार्य करता हैं, कार्य का प्रचार प्रसार नहीं करता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा यह व्यक्ति निर्माण का कारखाना हैं, जिससे निर्मित व्यक्ति आज समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में वहा परिष्करण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा की भारत में रहने वाला 99.999 प्रतिशत हिंदू हैं, चाहे वह किसी भी मत को मानने वाला हो। आज हिंदू समाज के कुछ अंगो को तोड़ने का प्रयास जारी हैं उनसे सावधान रहने की आवश्यकता हैं। संघ किसी के विरोध में कार्य नहीं करता हैं। संघ भारत के हित, हिंदू हित में कार्यरत हैं। संघ के कार्यकर्ता अपनी चमड़ी, अपनी दमड़ी लगाकर संघ का कार्य निस्वार्थ भाव से करते हैं। उन्होंने कहा की हिंदू समाज को संगठित होना होगा। क्योंकि, संगठन में शक्ति हैं क्योंकि दुर्बलों की बात कोई मानता नहीं है और सबलों की बात कोई टालता नहीं हैं। आज संघ नहीं होता तो भारत का चित्र कुछ और होता। साथ ही उन्होंने शताब्दी वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण संकल्प 'पंच परिवर्तन' का प्रण भी दोहराया। मुख्य अतिथि नैकूराम ठाकुर ने अपने वक्तव्य में संघ की निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा संघ 1925 से प्रारंभ होकर आज तक एक विशाल वट वृक्ष बनकर भारत को सेवा रूपी छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ₹राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सर्वव्यापी दुनिया का एकमात्र संगठन है, जो देश, धर्म, और दुनिया के प्रति गहरी श्रद्धा रखता है। बागबाहरा का यह सफल आयोजन शताब्दी वर्ष की यात्रा में ऊर्जा और दृढ़ता का संचार करता है, जिसका मुख्य लक्ष्य सामाजिक समरसता, पंच परिवर्तन और राष्ट्र सेवा के प्रति संगठन को समर्पित करना है।

गौतम के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पिथौरा (ग्रामीण)। शहीद स्मारक समिति पिथौरा द्वारा 12 अक्टूबर 2013 को नक्सली हमले में शहादत प्राप्त हुए महासमुंद जिले के गढ़फूलझर निवासी शहीद गौतम पांडे को श्रद्धांजलि देते हुए सभा का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा स्मारक परिसर में पुष्प अर्पित दीप प्रज्ज्वलित कर 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनों ने देश भक्ति गीतों के साथ शहीद गौतम पांडे के जीवन काल का वर्णन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहीद स्मारक समिति के बृजराम पटेल, गुरदीप चावला, रीतेश मोहन्ती, एमके साहू, अंतर्यामी प्रधान, रमेश सोनी, डोलामणी साहू, अमरप्रीत छाबड़ा, अरुण कुमार देवता, शुभम अग्रवाल, गौरव चंद्राकर, आरती कालसा, सविता जलक्षत्री, सचलीन छाबड़ा, इंद्रजीत सिन्हा, किशोर नायक सहित समिति के सदस्य नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

रजत जयंती वर्ष पर जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन 18 को

महासमुंद। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना अंतर्गत समवर्गीय विभागों एवं कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर के सहयोग से जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन 18 अक्टूबर 2025 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन संजय कानन के पास बागबाहरा रोड में किया जाएगा। किसान मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों के बीच विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना, कृषक उपयोगी गतिविधियों एवं नवोन्मेषी तकनीकों की जानकारी देना, साथ ही उत्कृष्ट कृषि उत्पाद एवं सह-उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत करना है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि मेले में भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं प्रचार सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही प्रगतिशील कृषकों, एनजीओ, कृषि विज्ञान केंद्र, नाबार्ड, इफको, एफपीओ एवं अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा कृषक उपयोगी नवाचार तकनीक, उत्कृष्ट उत्पाद एवं सह उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन, जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन एवं मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

महाविद्यालय में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन, 65 विद्यार्थियों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के निर्देशन में 13 अक्टूबर को 11.30 बजे संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। संचालक लोक शिक्षण एवं संचालनालय शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना और वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य ब्लॉक में डॉ मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य की निरीक्षण में कराया गया। परीक्षा में महाविद्यालय के समस्त विभागों से 65 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

परीक्षा में छात्रों को दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनना होता है और इसे ओएमआर शीट पर चिह्नित करना होता है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जहां छात्रों को भारतीय संस्कृति और इतिहास से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों के बारे में जानने और समझने का अवसर प्रदान करना है। यह परीक्षा छात्रों को भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने और समझने का अवसर प्रदान करती है।

इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों में भारतीय संस्कृति के मूल्यों और आदर्शों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना विकसित होती है। छात्रों को भारतीय इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान करती है। इस परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न छात्रों की विचार शक्ति और तर्कशक्ति का विकास करने में मदद करते हैं। क्योंकि यह छात्रों को भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता के बारे में जानने का अवसर प्रदान करती है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा न केवल छात्रों को भारतीय संस्कृति के बारे में जानने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि यह उन्हें राष्ट्रीय मूल्यों और आदर्शों के प्रति भी जागरूक बनाती है। परीक्षा के संचालन में परवीन नजीब, अंकित साहू, विजय कुमार ब्रम्हे, गोरेलाल चतुर्वेदी का सहयोग रहा।

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का किया गया जोशिला स्वागत

महासमुंद। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम जिला आगमन पर विधानसभा के युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यालय परिसर के बाहर आतिशबाजी गाजे बाजे और नारेबाजी के साथ उनका जोरदार जोशीला स्वागत किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास चंद्राकर, युवा मोर्चा पूर्व कार्यसमिति सदस्य मिलिंद चंद्राकर, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश रूपरेला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, पूनम निषाद, राकेश सचदेव, पार्षद निश्चय चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू, मंडल महामंत्री जतिन रूपरेला, खुशाल ठाकुर, अमित साहू, आकाश पांडे, आयुष दुबे, अंकुश सिंह गौर, रोशन बग्गा, कोमल निषाद, रवि सोनकर, संदीप साहू, शुभम बाघ, माणिक, कौशल साहू समेत अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छिबर्रा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

छिबर्रा में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, सरपंच नंदिनी दीवान, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम धृतलहरे, भाजपा नेता सीताराम सिंहा, पूर्व सरपंच नारायण पटेल, कृषक सहकारी समिति के अध्यक्ष गयाराम धीवर, उपसरपंच श्याम सेन ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों से शिक्षा की दूरी को कम करने निःशुल्क सरस्वती योजना के तहत साइकिल वितरित कर बेटियों की शिक्षा का पूरा ख्याल रख रही है। ब्रह्मानंद पटेल कहा कि आप सब बच्चे देश का भविष्य है, शिक्षा के बिना सबकुछ अधूरा है। आप सब पूरी तन्मयता के साथ शिक्षा ग्रहण करें। विशेष अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा को मजबूत करने में विशेष प्रयास कर रही है। सरस्वती साइकिल के माध्यम से बेटियों से शिक्षा के बीच की दूरी को कम करने का कार्य कर रही है। सफल जीवन के लिए शिक्षा का होना बहुत आवश्यक है। शिक्षा से आप सबके भविष्य का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरुण देवता व आभार प्रदर्शन प्राचार्य रामकुमार नायक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से काशीराम धीवर, भगवानती निर्मलकर, निशा दीवान, तिरीथ पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //
क्रमांक/7/तह./वाचक/ 2025
बागबाहरा, दिनांक 03/10/2025
रा.मा.क्र. ब/ 121, वर्ष 2024-25
ग्राम भीखापाली पहनं 9 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधरण जनता ग्राम भीखापाली पहनं 9 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)को सूचित किया जाता है आवेदक डेहरीराम ध्रुव पिता समारू जाति गोड़ निवासी ग्राम भीखापाली तसहील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र विनोद कुमार ध्रुव जाति गोड़ का जन्म 17.05.2003 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 17/10/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार बागबाहरा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

रा.मा.क्र. अ-21. वर्ष 2024-25
ग्राम- लभराकला, प.ह.न. 50
रा.नि.म. शेर तहसील व जिला-महासमुन्द
// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी लभराकला को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक टीकाराम पिता सुखलाल वगैरह जाति गोंड ग्राम लभराकला तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा ग्राम लभराकला प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द में स्थित भूमि खसरा नं. 7 रकबा 0.73 हेक्टे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। आवेदक वर्तमान में बैंक में कर्ज, विद्युत विभाग का बिल, शादीब्याह का कर्ज साहूकारी बकाया एवं परिवार अलग-थलग चल रहा है तथा सभी परिवार के सदस्यों का आर्थिक स्थिति दयनीय बना हुआ है। सभी कर्जा व आर्थिक स्थिति से परेशान होने के कारण समस्याओं को दृष्टिगत हुए आवेदकगण द्वारा अपने भूमि को बिक्री करने अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है जो मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर / दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 16.10.2025 प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार महासमुंद (छ.ग.)

आकाशवाणी से अनुसुइया की गोठ-बात का प्रसारण आज

महासमुंद। आकाशवाणी रायपुर के मोर भुंईया प्रभाग के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक पत्रिका के अंतर्गत हमर लोक तिहार देवारी विषय पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल का गोठ-बात कार्यक्रम 14 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 08:30 प्रसारित होगा। छत्तीसगढ़ में अन्य पर्वों की भांति दीपावली पर्व भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, इसे पर्वों में प्रमुख पर्व के रूप में पूरे भारत देश में स्वीकार किया जाता है। प्रस्तुत गोठ-बात में दीपावली पर गणेश एवं लक्ष्मी के पूजन का कारण, कमल के पुष्प की महत्ता, पांच दिनों तक चलने वाले त्योहार से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी सहित मातर पूजा, राउत नाचा, पना बदना आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से आधे घंटे तक अनवरत चर्चा होगी। विदित हो कि डॉ. अग्रवाल के कार्यक्रमों का प्रसारण दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्र रायपुर से लगातार होता रहता है। हिंदी के साथ छत्तीसगढ़ी भाषा में इनकी दक्षता और धारा प्रवाह अभिव्यक्ति को गोठ-बात में महसूस किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम एमडब्यू 981 केएचजेड छत्तीसगढ़ के सभी केंद्रों एवं मोबाइल ऐप पर भी सुना जा सकेगा। इस कार्यक्रम में डॉ. अनुसुइया के साथ डॉ. डी पी देशमुख एवं डॉ. सुखदेव राम साहू भी होंगे, जो कार्यक्रम का संचालन करेंगे। कार्यक्रम अधिशासी महेंद्र साहू इस समसामयिक कार्यक्रम के प्रस्तोता है।

निधन

जमुना साहू

महासमुंद। ग्राम मचेवा निवासी जमुना साहू (61) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मचेवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह तोगेश साहू, देवेंद्र कुमार साहू की माता व दौलत राम, अधिवक्ता जनक राम साहू की भाभी थीं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित हुए।

खबर संक्षेप

सरविंद सिदार को किया गया सम्मानित

भंवरपुर। समता साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी, संकुल केंद्र बसना के प्रधान पाठक सरविंद सिदार को "प्राइड ऑफ टीचर अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा में उनके अमूल्य प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। सिदार ने अपने शैक्षणिक कार्यों में नवाचार लाते हुए बच्चों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास तथा अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने खेल-कूद, बालिका शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी विशेष योगदान दिया है।

केशरी ने पर्यवेक्षक रीता को भेंट की माता रुद्रेश्वरी का छायाचित्र

सरायपाली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संघठन सृजन अभियान के पर्यवेक्षक रीता चौधरी आज अपने एक दिवसीय दौरे पर सरायपाली के नवीन विश्राम गृह पहुंचे। जहां पर कांग्रेस कमेटी के महासमुंद जिलाध्यक्ष की दावेदारी कर रहे संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा शहर कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस के अन्य प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा व भेंट मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता केशरी नंदन सेन ने नवीन विश्राम गृह में कांग्रेस के पर्यवेक्षक रीता चौधरी से भेंट मुलाकात कर रीता चौधरी को माता रुद्रेश्वरी का छायाचित्र भेंट किया।

छात्राओं ने विज्ञान प्रोजेक्ट और प्रश्न मंच में दी सहभागिता

महासमुंद। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नईदिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, विज्ञान सेमीनार, विज्ञान संगोष्ठी एवं विज्ञान क्लब का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी के छात्राओं योगेश्वरी साहू, पूजा साहू ने विज्ञान प्रोजेक्ट एवं धनेश्वरी सेन, गायत्री साहू ने प्रश्न मंच में अपनी सहभागिता दी। इसके मार्गदर्शक शिक्षक व्याख्याता परस राम सिन्हा और रवि प्रकाश पात्रे रहे, छात्राओं के सहयोग के लिए पुष्कर वर्मा का सहयोग रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन एवं समस्त स्टॉफ ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

निधन

संतराम सागर

नर्रा। ग्राम उखरा निवासी संतराम सागर (40) का 12 अक्टूबर रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

नशापान का कारोबार : किशोर और युवा गिरफ्त में, नगरों से गांवों तक पहुंच रही लत

फुलझर में खूब फल-फूल रहा है टेबलेट इंजेक्शन नशीली दवाइयों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

फुलझर अंचल बसना और सरायपाली में नशे का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। अवैध शराब और गांजा तस्करी का गढ़ बन चुका फुलझर अंचल अब धीरे-धीरे नशीली दवाई, टेबलेट, इंजेक्शन, कोडीन युक्त सिरप, थीनर आदि का कारोबार भी पैर पसारने लगा है। सार्वजनिक जगहों जैसे सड़क किनारे, चौक चौराहा, गार्डनों, शमशान घाट, खेल मैदानों में नशे में प्रयुक्त खाली इंजेक्शन, सिरिंज, कोडीन युक्त सिरप की खाली बोतल और सुलेशन के रेपर देखे जा सकते है। नशे की बढ़ती समस्या क्षेत्र को अंदर ही अंदर खोखला करता जा रहा है।

बसना नगर के महेंद्र साव, सुमित धृतलहरे, सरायपाली नगर के नरेंद्र कुमार यादव, बिरंची बैताल सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि बसना और सरायपाली नगर सहित गांवों में आम लोग और महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

नशे के खिलाफ पुलिस व स्वास्थ विभाग को कड़ी कार्रवाई करने की जरूरतः रूपकुमारी

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस क्षेत्र में लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि इस तरह के जो नशे है, जिसके आगोश में युवा वर्ग आ रहे हैं इनमें सख्त प्रतिबंध हो और जो भी इसमें दोषी लोग पाए जा रहे है उन पर कड़ी कार्रवाई हो।

नशे के कारोबार को रोकने आबकारी और पुलिस विभाग सुस्तः चातुरी नंद

सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा की सरायपाली सीमा क्षेत्र पड़ोसी राज्य उड़ीसा से लगा हुआ है। जहां से सारा नशीला पदार्थ आते है। जिन्हे यहां के बच्चे और युवा इंजेक्शन, टेबलेट सिरप के माध्यम नशा ले रहे है। नशीले पदार्थ के सारे कारोबार सरायपाली में चल रहे हैं।

नशे की ऐसी कोई भी घटना पर मानस पोर्टल नंबर 1933 सूचित करें: पांडेय

मामले में महासमुंद जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने कहा कि आपके माध्यम से सूचना मिल रही है की बसना और सरायपाली क्षेत्र में नशीली दवाई एवं टेबलेट की बिक्री खुलेआम की जा रही। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा पहले से ही मुखबिर सक्रिय हैं। क्षेत्र में अभी तक नशीली दवाई और टेबलेट के संबंध में 4 प्रकरण दर्ज करते हुए भारी मात्रा में नशीली दवाई, टेबलेट और एम्प्यूल बरामद की गई हैं।

मानसिक, सामाजिक और शारीरिक विकास का बाधक : डॉ. दयानंद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दयानंद होता ने बताया कि युवा और किशोर अवस्था के बच्चों में नशे की जो घटनाएं और नशा लेने की ललक बढ़ गई है। क्षेत्र में नशे उपलब्धता बिल्कुल आसान हो चुकी है। इससे जो बच्चे शराब, नशे का इंजेक्शन, टेबलेट सहित अन्य नशे ले रहे है तो उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

जिले में पशुधन जागृति अभियान 17 से 24 तक

महासमुंद। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा 17 से 24 अक्टूबर 2025 तक पशुधन जागृति अभियान मनाया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के सभी विकासखंडों में पशुपालकों की सक्रिय भागीदारी से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 17 अक्टूबर को विकासखंड स्तरीय पशु मेला एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अच्छे पशु-पक्षियों का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता के साथ पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर पशु सखियों का प्रशिक्षण, सफल पशुपालकों की सफलता की कहानी साझा की जाएगी। साथ ही आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाना, जूंबूकिंनी नाशक दवाओं का छिड़काव एवं कृमिनाशक दवापान किया जाएगा। पशु परीक्षण अधिनियम की जानकारी कृषक संगोष्ठी के माध्यम से दी जाएगी। इसी तरह 18 अक्टूबर को निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न वत्सों का प्रदर्शन, बकरियों के कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न वत्सों की प्रदर्शनी, टीकाकरण, बधियाकरण एवं उपचार कार्य किया जायेगा। साथ ही आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाई जाएगी और कृषक संगोष्ठी के माध्यम से पशु परीक्षण अधिनियम की जानकारी दी जाएगी। 19 अक्टूबर को उन्नत पशु चारा प्रदर्शनी एवं कृषक संगोष्ठी आयोजित होगी। इसमें यूरिया पैरा उपचार का प्रदर्शन तथा हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत बैकयार्ड कुक्कुट वितरण किया जाएगा। मोबाईल वेटरनरी यूनिट वाहन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति भी की जाएगी।

खैर में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व

अरंड (पिथौरा)। ग्राम खैर में 10 अक्टूबर को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने नवाखाई त्योहार धूमधाम से मनाया। यहां करीब 35 आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिवार निवासरत है। सभी अपने-अपने घरों में ईष्ट देव की पूजा अर्चना की। पश्चात समाज के लोगों एकत्रित होकर के बड़ा देव की की पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया और नए अन्न का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समाज प्रमुख दसरू राम ध्रुव और हिमाचल पटेल सरपंच, गौर सिंह ध्रुव, सालिक राम ध्रुव, दीपक ध्रुव, महेंद्र कुमार ध्रुव, मुकेश कुमार ध्रुव, सोमेश ध्रुव, थान सिंह ध्रुव, डेरा राम ध्रुव, मातृ शक्तियों में दुकाला बाई ध्रुव, कांति बाई ध्रुव, रामकुवर बाई ध्रुव, अनीता बाई ध्रुव, ताराबाई ध्रुव, रानू बाई ध्रुव, देवकी बाई ध्रुव, त्रिविणी बाई ध्रुव, मानसी ध्रुव आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबॉल में इरम का चयन

महासमुंद। द न्यू होली फेथ स्कूल की छात्रा इरम फातिमा पिता सैय्यद इमरान अली उत्कृष्ट खिलाड़ी का 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबॉल 19वर्ष बालिका वर्ग का चयन रायपुर संभाग से हुआ है, जिनका आयोजन जिला कबीरधाम में 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक होगा। इरम अध्ययनशील, कर्तव्यनिष्ठ अनुशासित छात्रा है। अपने माता-पिता के प्रोत्साहन उत्साहवर्धन से वह खेलभावना के प्रति पक्षियों के समान उड़ान भरने,आक्रामकता से प्रतिद्वंद्वी के साथ प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागी होकर सफलता अर्जित करने के लिए उत्साही रहती है। खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर के मार्गदर्शन एवम् कुशल प्रशिक्षण से इरम को यह सुअवसर प्राप्त हुआ है। विद्यालय की छात्रा इरम द न्यू होली फेथ स्कूल महासमुंद की ओर से हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व कर रही है। जिससे शाला परिवार के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, समिति सदस्यगण एवम् समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

ऋतु को मिला उत्कृष्ट समाज सेवक सम्मान

महासमुंद। प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में कार्य के दौरान उत्कृष्ट सेवा के लिए छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा छात्रावास अधीक्षिका ऋतु चंद्राकर को उत्कृष्ट समाज सेवक सम्मान से सम्मानित किया गया। संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव एसपी ध्रुव ने कहा कि ऋतु चंद्राकर ने अपनी मेहनत से छात्रावास को आदर्श छात्रावास के रूप में स्थापित किया। जिसके कारण उनके कार्यकाल में किसी भी प्रकार से शिकायत और समस्या छात्रावास में नहीं हुई। जिलाध्यक्ष एमएल ध्रुव ने कहा कि अधीक्षिका ने अपने नवाचार और लगनशीलता से छात्रावास को संवारा, जिसके कारण छात्राओं का सर्वांगीण विकास हुआ। संघ के सदस्य एनके ठाकुर ने अधीक्षिका के छात्राओं के प्रति देखभाल व सुरक्षा के भाव और विनम्र व्यवहार की सराहना की।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

नर्रा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा मुनगासेर के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खेमड़ा में 2024-25 में किए गए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में सूखत शार्टेज में 2300 क्विंटल धान यानी 29 लाख रुपए सोसायटी घाटे में सिंतम्बर माह में हुए आम सभा बैठक में किसानों ने तत्कालीन प्रभारी घांसीराम नागवंशी से राशी वसूली करने के लिए प्रस्ताव पारित किया। इसी तरह सोसायटी में माइक्रो एटीएम मशीन के माध्यम से निकासी व जमा किसानों को मिलती है। एक लाख निन्यानबे हजार रुपए का हेराफेरी, वही बारदाना, खाद, एक करोड़ 50 लाख रुपए गबन करने का मामवे में किसान जितेंद्र क्षत्रिय, संजय चंद्राकर, रवि चंद्राकर, दानेश्वर सुरेश डडसेना, घासीराम चक्रधारी, ईशु लहरे आदि ने कैबिनेट मंत्री रुद्र गुरु खुशवंत साहेब से मिले। खेमड़ा सोसायटी में हुए अनिमितता की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15-16 को

महासमुंद। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 3 चरण में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण 25 एवं शहरी 05 कुल 30 संकुल में आयोजित किया जा रहा है।

विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में संकुल के विजेता टीम एवं विजेता खिलाड़ी अपने-अपने विधानसभा में शामिल होंगे। सांसद खेल महोत्सव में सामूहिक खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष तथा व्यक्तिगत खेलों के लिए आयु वर्ग 14 से 17 वर्ष, 18 से 20 वर्ष एवं 21 से 24 वर्ष के बालक एवं बालिका शामिल होंगे। सामूहिक खेलों में खो-खो, कबड्डी एवं बॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोलाफेंक, भालाफेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गेड़ी दौड़ संकुल स्तर पर आयोजित होंगे। आयोजन की तैयारियों के विषय में सांसद लोकसभा महासमुंद रुपकुमारी चौधरी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे को आयोजन को सफल बनाने में प्रशासनिक आवश्यकताओं को लेकर तीनों चरणों के आयोजन को सफल बनाया जाना है, जिनके माध्यम से आयोजन में आवश्यक संसाधन, पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, परिवहन, भोजन, आवश्यक सामग्री एवं संपूर्ण व्यवस्था पर चर्चा कर आयोजन को सफल बनाया जा रहा हैं। संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 से 16 अक्टूबर को 3 स्थानों में आयोजित होंगे। जिसमें नगर पालिका परिषद सरायपाली का आयोजन खेल मैदान सरायपाली में होगा। जिसमें शहरी क्षेत्र के पंजीकृत खिलाड़ी शामिल होंगे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद बागबाहरा में आयोजित होगा, जिसमें कमरौद संकुल के अंतर्गत शामिल ग्राम पंचायत एवं विद्यालय के खिलाड़ी शामिल होंगे। झलप संकुल का आयोजन शासकीय मिडिल स्कूल झलप महासमुंद में किया जाएगा। जिसमें संकुल अंतर्गत शामिल ग्राम पंचायत एवं विद्यालय के पंजीकृत खिलाड़ी शामिल होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संकुल नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद एवं बागबाहरा तथा नगर पालिका परिषद सरायपाली को आयोजन की तैयारी कर आयोजन को सफल बनाने हेतु निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली, बागबाहरा एवं महासमुंद को आवश्यक तैयारी हेतु संबंधित विभागों शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, उद्यानिकी आदि से समन्वय करने कहा गया है।

भंवरपुर में छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर की छात्राओं को शासन की योजना के अनुरूप निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। जिससे भंवरपुर अंचल की बालिकाओं को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालय तक पहुँचने में सुविधा होगी तथा वे शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। बालिका शिक्षा व सशक्तीकरण के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह का दिग्दर्शन उत्कृष्ट संस्था के बहुद्देशीय गतिविधियों के रणनीतिकार प्राचार्य टीकेश्वर पटेल ने किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भंवरपुर क्षेत्र के बालिका शिक्षा के पुरजोर समर्थक व नारी शक्ति देवकी पुरुषोत्तम दीवान (जिला पंचायत सदस्य), विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर के शैक्षिक नींव के सर्जक व जननायक कृष्ण कुमार पटेल (जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सेजेस भंवरपुर) तथा विद्यालय विकास के लिए सदैव समर्पित कृष्ण कुमार सिदार (सरपंच ग्राम पंचायत भंवरपुर), शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सक्रिय सदस्य गुलाब स्वर्णकार, पालक समिति के समस्त सदस्यगण व जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति व सहभागिता रही।

मुख्य अतिथि देवकी दीवान ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य शासन का सराहनीय कदम है। उन्होंने बालिकाओं से आग्रह किया कि वे इन सुविधाओं का सदुपयोग कर अपने जीवन में सफलता के उच्च शिखर तक पहुंचे और समाज में समानता एवं सशक्तिकरण का संदेश दें। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार पटेल ने कहा कि शासन की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने में मील का पत्थर सिद्ध हो रही है। वहीं सरपंच कृष्ण कुमार सिदार ने कहा कि यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्राचार्य टीकेश्वर पटेल ने अपने संबोधन में अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार राज्य शासन की नीतियों के अनुरूप शिक्षा के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, परिश्रम एवं निष्ठा के साथ अध्ययन कर विद्यालय व ग्राम का नाम गौरवान्वित करने का आह्वान किया। संपूर्ण समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता प्रेम कुमार निर्मलकर, नंदकुमार दीवान, प्रदीप कुमार बारीक, दुर्गा प्रसाद पटेल व सरोज कुमार भोई का सराहनीय योगदान रहा। संचालन हीराराम चौहान एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रबन्धन समिति के सदस्य शिक्षक दुर्गा प्रसाद पटेल ने किया। इस अवसर पर शौकीलाल चौहान, अनिरूद्ध भोई, दिनेशचंद्र सतपथी, अनंत विजय कदम, दिनेश दास, दिनेश कुमार बंधु, राधा देवांगन, अनुसुइया पटेल, हेमसागर पटेल, मनीलाल पटेल, लता नायक व लक्ष्मी चौहान आदि शिक्षक-शिक्षिकागणों तथा कक्षा-नवमीं की समस्त बालिकाओं की उपस्थिति व सहभागिता रही।